Seat No. : _______________

# DC-127 (H)

**December-2020**

**B.Com., Sem.-V**

**CE-301(A) : Cost & Financial Accounting**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**निर्देश :** विभाग–**अ** से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए तथा विभाग–**ब** अनिवार्य है ।

## विभाग – अ

1. सेम लि. का उत्पादन तैयार होकर गोडाउन में जाने से पूर्व तीन प्रक्रियाओं से गुजरता है । जिसकी जानकारी निम्नानुसार है : **20**

| विवरण | प्रक्रिया–1 | प्रक्रिया–2 | प्रक्रिया–3 |
|---|---|---|---|
| निवेशित माल–सामग्री (प्रति इकाई ₹ 0.60) | 6,000 | – | – |
| अतिरिक्त माल–सामग्री ₹ | 8,500 | 9,500 | 5,500 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी ₹ | 4,000 | 6,000 | 12,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय ₹ | 1,200 | 930 | 1,340 |
| निवेशित इकाई का सामान्य अपव्यय | 10% | 5% | 10% |
| प्रति इकाई का सामान्य अपव्यय ₹ बिक्री कीमत | 0.20 | 0.50 | 1 |
| वास्तविक उत्पादित इकाइयाँ | 9,200 | 8,700 | 7,900 |

उत्पादन शिरोपरी खर्चे ₹ 16,500 थे । जो प्रत्येक प्रक्रिया में प्रत्यक्ष मजदूरी के प्रमाण में आबंटित करना है ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर प्रक्रियों के खाते तथा असामान्य अपव्यय या अतिरिक्त खाते तैयार कीजिए ।

2. एक वस्तु तैयार होने से पूर्व दो भिन्न-भिन्न प्रक्रियों से गुजरती है । पश्चात् वह तैयार माल स्टॉक में तबदील होती है । **20**

उसके लिए निम्न जानकारी प्राप्त की गई :

| विवरण | | प्रक्रिया– 1 | प्रक्रिया–2 |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | ₹ | 32,000 | 40,000 |
| प्रत्यक्ष माल-सामग्री | ₹ | 64,000 | 1,78,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | ₹ | 40,000 | 60,400 |
| कारखाने के परोक्ष खर्चे (प्रक्रिया की प्राथमिक लागत के प्रतिशत अनुसार) | | 20% | 10% |
| प्रारंभिक स्टॉक में आंतरप्रक्रिया लाभ | ₹ | – | 8,000 |
| अंतिम स्टॉक | ₹ | 16,000 | 48,000 |

प्रक्रिया–1 का उत्पादन प्रक्रिया–2 की लागत पर 15% लाभ चढ़ाकर भेजा जाता है । जबकि प्रक्रिया–2 का उत्पादन फेरबदल कीमत के 10% लाभ से तैयार माल के स्टॉक में भेजा जाता है ।

प्रक्रिया स्टॉक का मूल्यांकन प्राथमिक लागत के आधार पर किया जाता है ।

तैयार माल का प्रारंभिक स्टॉक ₹ 1,25,200 था तथा अंतिम स्टॉक ₹ 60,920 था । तैयार माल के प्रारंभिक स्टॉक में आंतरप्रक्रिया लाभ ₹ 25,200 था । इस समय के दौरान बिक्री ₹ 6,50,000 थी ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर तैयार कीजिए तथा गणना करें :

(1) प्रक्रिया लागत खाता तथा तैयार माल स्टॉक खाता

(2) वास्तव में प्राप्त लाभ दर्शाने वाला पत्रक

3. (a) शिव लिमिटेड की जानकारी निम्नानुसार है : **10**

(1) स्थायी खर्च ₹ 8,00,000

(2) बिक्री : 2018 = ₹ 30,00,000, 2019 = ₹ 38,75,000

(3) वर्ष 2019 का लाभ वर्ष 2018 से ₹ 280000 अधिक है ।

गणना करें :

(1) समतुट बिंदू

(2) ₹ 45,00,000 की बिक्री पर लाभ

(3) यदि वर्ष 2020 में बिक्री कीमत में 30% कमी की जाए तथा कंपनी वर्ष 2019 में जितना लाभ प्राप्त हुआ हो उतना ही लाभ प्राप्त करना चाहती हो, तो कितनी बिक्री आवश्यक बनेगी ?

(4) ₹ 35,00,000 की सुरक्षा सीमा पर संभावित लाभ

(b) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **दो**) **10**

(1) संबंधित लागत

(2) काल्पनिक लागत

(3) वैकल्पिक लागत

(4) ड्यूबेल लागत

4. 'ए' तथा 'बी' लि. का दिनांक 1-4-2018 को संयोजन किया गया तथा दोनों कंपनियों के वर्तमान व्यवसाय को खरीदने हेतु 'सी' लि. की स्थापना की गई । **20**

'ए' तथा 'बी' लि. के दिनांक 31-3-2018 पर तुलन–पत्र निम्नानुसार है :

| विवरण | नोट | 'ए' लि. ₹ | 'बी' लि. ₹ |
|---|---|---|---|
| **(i)** इक्विटी तथा उत्तरदायित्व : | | | |
| (1) शेयरहोल्डर की निधि : | | | |
| (a) शेयर पूँजी | | | |
| प्रत्येक ₹ 10 का इक्विटी शेयर पूँजी | | 17,00,000 | 14,50,000 |
| प्रत्येक ₹ 100 का 14% के प्रेफरेंश शेयर | | 6,40,000 | 3,50,000 |
| (b) संचय तथा अधिशेष | | | |
| सामान्य संचय | | 4,80,000 | 3,20,000 |
| पुनःमूल्यांकन संचय | | 2,50,000 | 1,60,000 |
| निवेश छुट संचय | | 1,00,000 | 60,000 |
| लाभ–हानि खाता | | 1,50,000 | 1,04,000 |
| (2) गैर–चालू दायित्व : | | | |
| दीर्घ–अवधि ऋण | | | |
| प्रत्येक ₹ 100 के 12% डिबेंचर | | 1,00,000 | 56,000 |
| पब्लिक डिपोजिट | | 50,000 | – |
| (3) चालू दायित्व | | | |
| व्यापारी दायित्व : लेनदार | | 2,90,000 | 1,50,000 |
| देय बिल | | 40,000 | – |
| कुल | | **38,00,000** | **26,50,000** |
| **(ii)** संपत्तियाँ : | | | |
| (1) गैर–चालू संपत्तियाँ | | | |
| (a) स्थायी संपत्तियाँ | | | |
| भूमि–भवन | | 9,20,000 | 5,50,000 |
| संयंत्र–मशीनरी | | 6,50,000 | 4,20,000 |
| (b) गैर–चालू निवेश, निवेश | | 1,50,000 | 1,00,000 |
| (2) चालू संपत्तियाँ | | | |
| (a) माल–सामग्री, स्टॉक | | 6,50,000 | 5,38,000 |
| (b) व्यापारी प्राप्य | | | |
| देनदार | | 6,10,000 | 5,40,000 |
| प्राप्य बिल | | 50,000 | |
| (c) नकद तथा नकद प्रकार की संपत्तियों | | | |
| नकद तथा बैंक शेष | | 7,70,000 | 5,02,000 |
| कुल | | **38,00,000** | **26,50,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) 'ए' लि. तथा 'बी' लि. के 12% डिबेंचर-होल्डरों को 'सी' लि. के 15% के प्रत्येक ₹ 100 के डिबेंचर उतनी ही संख्या में देने हैं जिससे की उनको प्राप्य ब्याज की आय उतनी ही रहे ।

(2) दोनों कंपनियों के प्रेफरेंस शेयर होल्डरों को 'सी' लि. के 15% प्रेफरेंस शेयर, प्रत्येक ₹ 100 का, ₹ 125 के दाम पर उतनी ही संख्या में देने हैं ।

(3) 'ए' लि. के प्रत्येक 5 इक्विटी शेयर के एवज में 'सी' लि. के 2 इक्विटी शेयर तथा बी लि. के प्रत्येक 10 इक्विटी शेयर के एवज में 'सी' लि. के 3 इक्विटी शेयर, प्रत्येक ₹ 10 के ₹ 35 के दाम पर देने हैं ।

(4) निवेश छूट संचय अभी और दो वर्षों के लिए जारी करना है ।

आपको संयोजन पश्चात् 'सी' लि. का तुलन-पत्र निम्न धारणाओं के तहत तैयार करना है ।

(i) यदि संयोजन विलिनीकरण के स्वरूप का हो ।

(ii) यदि संयोजन क्रय स्वरूप का हो ।

## विभाग – B

5. निम्न दिए गए उप-प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर दिए गए हैं । जिसमें से केवल एक ही उत्तर सही है, जिसका चयन करें । (कोई **पाँच**) **10**

(1) प्रत्येक प्रक्रिया की कार्यक्षमता का मूल्यांकन करने के लिए, एक प्रक्रिया का उत्पादन अगली प्रक्रिया में लागत कीमत पर ही ले जाना चाहिए ।

(a) सही

(b) गलत

(c) जटिल

(d) कुछ कह नहीं सकते ।

(2) __________ माल तथा प्रक्रिया के कुदरती परिबल के करण न रोके जाने वाला नुकसान है ।

(a) सामान्य अपव्यय

(b) असमान्य अपव्यय

(c) असामान्य लाभ या लब्धि

(d) सामान्य लाभ या लब्धि

(3) निवेशित इकाइयाँ : 2400, सामान्य अपव्यय : निवेशित इकाइयों का 10%,

वास्तविक उत्पादन : 2200 इकाइयाँ हैं, तो

(a) सामान्य अपव्यय – 200 इकाइयाँ

(b) असामान्य अपव्यय – 40 इकाइयाँ

(c) असामान्य लब्धि – 240 इकाइयाँ

(d) कोई नहीं

(4) स्टॉक में सम्मिलित वसूला नहीं गया लाभ तथा माल की फेरबदल कीमत ज्ञात करने की प्रक्रिया का निर्माण करते समय त्रि–स्तंभिय प्रक्रिया खाता तैयार किया जाता है ।

(a) सही

(b) गलत

(c) जटिल

(d) कुछ कह नहीं सकते

(5) आंतरप्रक्रिया लाभ विधि में नीचे दी गई प्रक्रिया–अ की जानकारी के आधार पर प्रक्रिया–अ का दृश्य लाभ ज्ञात करो ।

प्रारंभिक स्टॉक में आंतरप्रक्रिया लाभ ₹ 4,000

अंतिम स्टॉक में आंतरप्रक्रिया लाभ ₹ 6,000

वास्तविक लाभ ₹ 18,000

(a) ₹ 16,000

(b) ₹ 28,000

(c) ₹ 20,000

(d) ₹ 18,000

(6) निम्न में से किस उद्यम (साहस) में अधिकांश प्रक्रिया लागत विधि का उपयोग होता है ?

(a) मोटर कार गेरेज

(b) बेकरी

(c) बीयर बनाने का कारखाना

(d) प्रिंटिंग प्रेस

(7) प्रक्रिया के हिसाबों में पूर्ण इकाइयों की विधि अनुसार माल–सामग्री की प्रति इकाई लागत ज्ञात करने के लिए कौन सा पत्रक बनाया जाता है ?

(a) पूर्ण इकाइयों की गणना दर्शाने वाला पत्रक

(b) लागत पत्रक

(c) मूल्यांकन पत्रक

(d) प्रक्रिया खाता

(8) सहयोग = स्थायी खर्च की वसूली

(a) सही

(b) गलत

(c) अपूर्ण

(d) कुछ कह नहीं सकते

(9) कुल राशि उपलब्ध हो, तब _________ उपयोग में लिया जाता है ।

(a) प्रति इकाई चलित लागत

(b) प्रति इकाई सहयोग

(c) लाभ–आयतन अनुपात

(d) कुछ कह नहीं सकते

(10) सुरक्षा बीमा की बिक्री से प्राप्त सहयोग = ————

(a) चलित खर्च

(b) स्थायी खर्च

(c) हानि

(d) लाभ

(11) संभाव्य लागत से तात्पर्य है :

(a) डूबत लगत

(b) वैकल्पिक लागत

(c) काल्पनिक लागत

(d) इनमें से कोई नहीं

(12) संयोजन हवाला खाता क्रय करने वाली कंपनी की पुस्तक में __________ विषय/शीर्षक के तहत तुलन–पत्र दिखाया जाता है ।

(a) चालू संपत्ति

(b) गैर–चालू संपत्ति

(c) गैर–चालू निवेश

(d) संचय तथा लब्धि